मेरे सांवरिया सरकार | By Vishal Raaz

ना जाने कितनो को जीवन तुमने दिया उधार
मेरे सांवरिया सरकार, मेरे सांवरिया सरकार
मुझ पर किरपा की नज़र तुम कर दो ना एक बार
मेरे सांवरिया सरकार, मेरे सांवरिया सरकार

चमत्कार हर रोज़ ही होता श्याम तुम्हारे दर पर
अनहोनी को होनी करते देखा तुम्हे है अक्सर
बिगड़ी किस्मत को एक पल में तुमने दिया संवार
मेरे सांवरिया सरकार, मेरे सांवरिया सरकार

जिसने तेरी चौखट चूमी काम बना है झटपट
तेरी मोरछड़ी के आगे आये ना कोई संकट
हम दीनो का पालनहारा तू ही तारणहार
मेरे सांवरिया सरकार, मेरे सांवरिया सरकार

तेरी दातारी के आगे नतमस्तक है कुंदन
अपनी दया से कर देता है दूर तू सारी उलझन
अपने लाल विशाल राज पर सदा लुटाता प्यार
मेरे सांवरिया सरकार, मेरे सांवरिया सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-vishal-raaz/